**दिल्ली विकास प्राधिकरण**

**सूचना**

**दि.वि.प्रा. के खेल परिसरों हेतु सचिव**

1. दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दिल्ली के विभिन्न भागों में 15 खेल परिसर विकसित किए हैं और उनका संचालन करता है। दि.वि.प्रा. इन सुविधाओं के (विशेष रूप से उत्तरी दिल्ली हेतु) प्रबंधन के लिए निम्नलिखित श्रेणियों के व्यक्तियों को सचिव के रूप में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव करता है:

   i) लेफ्टिनेंट कर्नल (अथवा नेवी/एयर फोर्स से समकक्ष) और उससे ऊपर के रैंक के ऐसे सेवा-निवृत्त अधिकारी, जिनके पास खेल संबंधी बैंकग्राउंड हो एवं जिनके पास इसी प्रकार के क्लब/संस्थाओं के संचालन का अनुभव हो।

   वर् ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने खेलों से संबद्ध फैडरेशन/एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त राज्य/राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उच्च स्तर पर स्वर्ण , रजत अथवा कांस्य पदक (प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान) जीता हो और वह खेल, जिसमें अभ्यर्थी ने भाग लिया हो, वह दि.वि.प्रा. के खेल परिसरों(खेलों के नाम दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.org.in के वेब पेज अर्थात् जॉब्स, पर उपलब्ध हैं) में होना चाहिए। खेल श्रेणी में आवेदन कर रहे आवेदकों को खेलों के क्षेत्र में सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में प्रशासनिक/प्रबंधन स्तर पर काम करने का न्यूनतम पाँच वर्ष का पूर्व अनुभव होना चाहिए।

   iii) दि.वि.प्रा के अधिकारियों सहित ऐसे सेवा-निवृत्त सरकारी कर्मचारी, जो 7600/- रुपये और अधिक (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के स्तर 12 और अधिक के समकक्ष) ग्रेड वेतन में सेवा-निवृत्त हुए हों, जो दि.वि.प्रा में निदेशक और अधीक्षण अभियंता के समकक्ष हों और जिनके पास खेल में प्रमाणित प्रत्यय-पत्र (प्रूवन क्रिडेन्शियल्स) हो अथवा व्यापक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदानों के विकास और रख-रखाव के कार्य में शामिल रहे हों।

2. मासिक मानदेय निम्न प्रकार से देय होगा:-

| | | |
|---|---|---|
| क) | सचिव-डिवीजन स्तरीय खेल परिसर | रु 70,840/- |
| ख) | सचिव-जिला स्तरीय खेल परिसर | रु 61,600/- |

3. प्रतिमाह 8,800/- रु यात्रा भत्ता भी देय होगा।
4. मानदेय एवं भत्तों में 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की जाएगी।
5. आवेदन-पत्र उन व्यक्तियों से आमंत्रित किए जाते हैं, जिनकी आयु दिनांक 30.06.2019 को पैरा 1(i) में उल्लिखित श्रेणी में 60 वर्ष से अधिक न हो और पैरा 1(ii) एवं (iii) में उल्लिखित श्रेणियों में 63 वर्ष से अधिक न हो तथा जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.आर.) के निवासी हों।
6. संक्षिप्त विवरण, निवास स्थान एवं आयु के प्रमाण की प्रति, पासपोर्ट आकार की नवीनतम फोटो, फोन नंबर एवं ई-मेल आई.डी. सहित आवेदन-पत्र आयुक्त (खेल), दि.वि.प्रा., ब्लॉक-बी, चतुर्थ तल, विकास सदन, आई.एन.ए., नई दिल्ली-110023 (दूरभाष नं.24623598) को दिनांक 05.07.2019 तक भेजे जा सकते हैं। इसकी एक प्रति-ई-मेल द्वारा commrsprts@dda.org.in पर भी भेजी जा सकती है।
7. चयनित अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से वार्षिक अनुबंध आधार पर नियुक्त किया जाएगा। अनुबंध को वार्षिक रूप से आगे बढ़ाने के लिए उनके कार्य निष्पादन के आधार पर विचार किया जाएगा। अनुबंध आधार पर की गई नियुक्ति को किसी भी पक्ष द्वारा 30 दिन के नोटिस द्वारा समाप्त किया जा सकता है। कार्यकाल की अधिकतम अवधि 10 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने, जो भी पहले हो, तक होगी।

आयुक्त (खेल), दि.वि.प्रा.

## दिल्ली विकास प्राधिकरण के खेल परिसरों/गोल्फ कोर्सों में उपलब्ध खेल

- तीरंदाजी
- एथलेटिक्स
- बैडमिंटन
- बास्केटबॉल
- बिलियर्डस/स्नूकर
- क्रिकेट
- फुटबॉल
- गोल्फ
- जिमनास्टिक
- हॉकी
- लॉन बॉल्स
- शूटिंग(10 मी. एयर राइफल/पिस्टल)
- रोलर स्केटिंग
- स्कवॉश
- स्वीमिंग
- वालीबॉल
- टेबल टेनिस
- ताइक्वॉन्डो
- टेनिस
- वेट ट्रेनिंग (फिटनेस सेंटर)
- योग